**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3157**
**दिनांक 07 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ**

**गाँवों का विद्युतीकरण**

**3157. श्री अरुण कुमार सागरः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के सभी गांवों, विशेषकर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों का सरकार की विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण कर दिया गया है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) और (ख) :** भारत सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस), प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) आदि स्कीमों के माध्यम से राज्यों के प्रयासों को सहायता प्रदान की है जिससे सभी घरों को गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य को प्राप्त करने में उनकी सहायता की जा सके। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश के सभी आबाद गैर-विद्युतीकृत गाँवों का 28 अप्रैल, 2018 तक विद्युतीकरण कर दिया गया था। डीडीयूजीजेवाई के दौरान कुल 18,374 गाँवों का विद्युतीकरण किया गया था। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, डीडीयूजीजेवाई के तहत और उसके बाद सौभाग्य के दौरान, सभी इच्छुक घरों का विद्युतीकरण पूरा कर लिया गया। सौभाग्य अवधि के दौरान कुल 2.86 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया, जिसमें शाहजहाँपुर लोकसभा क्षेत्र के 1,23,284 घर शामिल हैं। दोनों स्कीमें दिनांक 31.03.2022 को बंद हो चुकी हैं।

भारत सरकार जुलाई, 2021 में शुरू की गई संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के तहत, छूटे हुए घरों के ग्रिड विद्युतीकरण के लिए राज्यों को आगे भी सहायता प्रदान कर रही है। इसमें पीएम-जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान) के तहत चिन्हित विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों डीए-जेजीयूए (धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान) के तहत आदिवासी परिवारों, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत अनुसूचित जाति के परिवारों और जहाँ भी संभव हो, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के तहत दूरस्थ और सीमावर्ती घरों के विद्युतीकरण के लिए स्वीकृत कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, नई सौर ऊर्जा स्कीम के तहत, 30 जून 2025 तक 9961 घरों के लिए ऑफ-ग्रिड सौर आधारित विद्युतीकरण के लिए 50 करोड़ रुपये धनराशि के कार्यों को मंजूरी दी गई है।

आरडीएसएस के तहत अब तक, देश भर में 13.59 लाख घरों के विद्युतीकरण के लिए 6,487 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई है, जिनमें शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र के 2,924 घर शामिल हैं।

****************